नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

**एक नजर में**



### सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

**दमिश्क.** सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई. दोनों को गृहयुद्ध के दौरान हत्या और आम नागरिकों पर अत्याचार के मामलों में दोषी पाया गया. इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे और पूर्व सैन्य अधिकारी अतीफ नजीब को भी मौत की सजा दी गई. अदालत का यह फैसला सीरिया में असद शासन के दौरान कथित अपराधों को लेकर चल रही न्यायिक कार्रवाई में अहम कदम माना जा रहा है.

# सीएम ने लिया बाढ़ का जायजा

## जान बचाने वाले लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा : डॉ. मोहन यादव



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य आपदा कमान एवं नियंत्रण केंद्र के सिचुएशन रूम पहुंचकर प्रदेश में अतिवृष्टि, जलभराव और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जल भराव और बाढ़ की स्थिति से लोगों को बचाने के लिए चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली तथा प्रभावितों और रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे कर्मचारियों और स्थानीय जन से वर्चुअली संवाद किया. सिचुएशन रूम में अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, निदेशक होमगार्ड श्रीमती प्रज्ञा रिचा उपस्थित थी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड की त्वरित कार्यवाही के परिणाम स्वरूप 527 लोगों की जान बचाई जा सकी. यह पुलिस-होमगार्ड के कार्य और सेवा भाव का स्वर्णिम पक्ष है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बचाव कार्य में लगे स्थानीय लोगों की पहल की भी सराहना की. उन्होंने कहा कि लोगों की जान बचाने वालों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी आवश्यक स्थलों पर दिन-रात रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहे हैं. पुलिस-प्रशासन द्वारा सभी जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध किया जा रहा है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला अधिकारियों को आपदा की इस स्थिति में पूर्ण सतर्कता, दक्षता, संवेदनशीलता और संयम के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यक होने पर संभाग और राज्य स्तर से समन्वय कर सहयोग प्राप्त किया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिवृष्टि जल भराव और बाढ़ की स्थिति में हर संभव सावधानी बरतने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पुलिया पर पानी होने पर वाहनों को गुजरने ना दिया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिचुएशन रूम से राजगढ़, सीहोर, आगर मालवा, विदिशा, खंडवा में चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का वर्चुअल अवलोकन किया.

### पन्ना में निजी खदान से मिला 16.96 कैरेट का जेम क्वालिटी हीरा

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 11 अगस्त.** रत्नगर्भा पन्ना की धरती कब किसकी किस्मत बदल दे, कहा नहीं जा सकता. ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां दो साल से निजी भूमि पर हीरा खदान चला रहे सात किसानों की किस्मत एक बेशकीमती हीरे ने चमका दी. सरकोहा क्षेत्र में संचालित खदान में 16.96 कैरेट का जेम क्वालिटी हीरा मिला है. इसकी अनुमानित बाजार कीमत 50 लाख से 80 लाख रुपए तक बताई जा रही है. बताया गया कि नारंगीबाग निवासी अखिलेश पाल अपने छह साझेदारों के साथ पिछले दो वर्षों से सरकोहा स्थित निजी भूमि पर हीरा उत्खनन का पट्टा लेकर खदान संचालित कर रहे थे. मंगलवार शाम खदान की चाल के ऊपर मिट्टी के ढेर का जायजा लेते समय अखिलेश पाल को एक चमकता हुआ पत्थर दिखाई दिया. जांच के बाद वह बेशकीमती हीरा निकला.



### एमपी विस अध्यक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली, 11 अगस्त.** मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में प्रधानमंत्री कक्ष में मुलाकात की. इस दौरान मध्य प्रदेश के राजनीतिक मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी से 20 मिनट तक गंभीर चर्चा की.

## जनाजा लेकर नदी पार करने को गंजवासी मजबूर



**सिवनी, 11 अगस्त। जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशगंज के गंज टोला में मूलभूत सुविधाओं की कमी का मामला सामने आया है। सोमवार को करीब 70 वर्षीय नईम खान के निधन के बाद परिजनों और ग्रामीणों को जनाजा लेकर उफनती नदी पार कर कब्रिस्तान पहुंचना पड़ा।**

ग्रामीणों के अनुसार बारिश के दिनों में नदी के उफान पर होने से आवागमन बेहद जोखिम भरा हो जाता है। गंज टोला में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं, लेकिन कब्रिस्तान तक सुरक्षित मार्ग और नदी पर उचित व्यवस्था नहीं होने से परेशानी बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी मार्ग और पुल-पुलिया निर्माण की मांग की है। सचिव बलराम यादव ने बताया कि पंचायत द्वारा पूर्व में भी आवेदन किया गया है। एक माह पहले नाला निर्माण के लिए भी आवेदन दिया है। जिसकी विभागीय स्वीकृति आवश्यक है।

## मुख्य सचिव, डीजीपी को नोटिस

### भरत तिवारी केस में मानवाधिकार आयोग सख्त

**पटना, 11 अगस्त. भोजपुर के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी से जुड़े एनकाउंटर मामले में जांच का दायरा बढ़ गया है. बिहार मानवाधिकार आयोग ने मामले में राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है.**

वहीं न्यायिक जांच आयोग ने भी मामले में साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया तेज कर दी है. आयोग ने आम लोगों से 27 अगस्त तक साक्ष्य और बयान उपलब्ध कराने की अपील की है.



बिहार मानवाधिकार आयोग ने भरत भूषण एनकाउंटर मामले में राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है. आयोग ने संबंधित अधिकारियों से दो दिनों के भीतर मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है.

## सीएम भोपाल, ग्वालियर में तोमर करेंगे ध्वजारोहण

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे. इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में ध्वजारोहण करेंगे.**

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार में श्रीमती कृष्णा गौर टीकमगढ़, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी दमोह, दिलीप जायसवाल अनूपपुर, गौतम टेटवाल उज्जैन,लखन पटेल विदिशा, नारायण सिंह पंवार राजगढ़, राज्यमंत्रियों में नरेन्द्र शिवाजी पटेल रायसेन, श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, दिलीप अहिरवार छतरपुर और श्रीमती राधा सिंह सिंगरौली में ध्वजारोहण करेंगी.

### स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के लिए जिले तय

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा में ध्वजारोहण करेंगे. मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह खण्डवा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय देवास, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, मंत्री करन सिंह वर्मा सीहोर, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह छिंदवाड़ा, मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट इंदौर, मंत्री एदल सिंह कंषाना मुरैना, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया झाबुआ, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सागर, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह दतिया, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर शिवपुरी, मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर और मंत्री इन्दर सिंह परमार शाजापुर में ध्वजारोहण करेंगे.




CMYK